वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2, रफ़ी मार्ग, नई दिल्ली-110001

सं.6-16/15(BF)/2008-CR

दिनांक: 02.04.2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: रिपोर्टिंग वर्ष 2025-2026 हेतु अपार/पीएमएस के सम्बन्ध में

सीएसआईआर मुख्यालय/ एचआरडीजी/ रैब/ ईएसडी/ ईएमआर-I/II/ एचआरडीसी/ आईपीयू/ टीकेडीएल/ टीएमडी/ एमबीजीएच/ साइंस सेंटर/ उर्डिप के सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी स्टाफ को सूचित किया जाता है कि वे अपना स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट (Self-Appraisal) 15 अप्रैल, 2026 तक इस अनुभाग में जमा कर दें।

समूह-IV (वैज्ञानिक) के लिए पर्फोर्मेंस मूल्यांकन प्रणाली और तकनीकी स्टाफ के लिए अपार फॉर्म सीएसआईआर के वेबसाइट पर विस्तृत अनुदेशों सहित उपलब्ध हैं। सभी से अनुरोध है कि वे इसे पढ़ लें और तदनुसार अपने स्व-मूल्यांकन आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए इस कार्यालय में जमा करें | कार्यालय छुट्टी आदि से सम्बंधित आवश्यक प्रविष्टियां रिकॉर्ड करेगा। मुख्य वैज्ञानिक भी 15 अप्रैल, 2026 तक अपने पीएमएस इस कार्यालय में जमा कर दें।

अपार/पीएमएस को प्रस्तुत करने में कोई विलम्ब करने पर रिपोर्टी अपने मूल्यांकन/ पदोन्नति आदि में किसी प्रकार के संभव विलम्ब के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे | यदि कोई कर्मचारी/अधिकारी निर्धारित समय सीमा तक अपना स्व-मूल्यांकन प्रस्तुत नहीं करता है तो यह माना जाएगा कि सम्बंधित कर्मचारी/अधिकारी द्वारा कोई स्व-मूल्यांकन प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। ऐसे मामलों में सम्बंधित रिपोर्टिंग अधिकारी अपने स्तर पर उस कर्मचारी/अधिकारी विशेष की अपार/पीएमएस भरने की पहल कर सकता हैं।

प्रशासनिक स्टाफ दिनांक 16.04.2026 से 30.04.2026 तक स्पैरो पर लॉगिन कर अपना अपार भर सकते हैं।

डेज़ी 02/4/26

(डेज़ी)
अनुभाग अधिकारी

प्रति:

1. प्रमुख, सीएसआईआर मुख्यालय की सभी इकाईयाँ एवं सभी अनुभागाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष
2. कार्यालय, संयुक्त सचिव (प्रशा.), सीएसआईआर
3. प्रमुख, आईटी; इस कार्यालय ज्ञापन को वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
4. कार्यालय प्रति